सं-12016/17/2023-रा.भा.(क-2)

राजभाषा विभाग

गृह मंत्रालय

चतुर्थ तल, एनडीसीसी II भवन,

जयसिंह रोड, नई दिल्ली

दिनांक: 09 सितंबर, 2024

कार्यालय ज्ञापन

विषय: हिंदी दिवस और चतुर्थ अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन, दिल्ली के अवसर पर निमंत्रण पत्र, विजिटर पास और सम्मेलन किट का वितरण।

उपर्युक्त विषय पर कृपया दिनांक 09 सितंबर, 2024 के समसंख्यक कार्यालय ज्ञापन का संदर्भ लें जिसमें 14 एवं 15 सितंबर, 2024 को नई दिल्ली के भारत मंडपम् में आयोजित होने वाले हिंदी दिवस और चतुर्थ अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के अवसर पर प्रवेश निमंत्रण पत्र, विजिटर पास और सम्मेलन किट का वितरण के संबंध में जानकारी दी गई थी। पुन: सूचित किया जाता है कि प्रवेश निमंत्रण पत्र का वितरण दिनांक 11 से 13 सितंबर, 2024 तक **YMCA भवन, टूरिस्ट हॉस्टल (गेट नं.1) प्रथम तल पर Heinz Auditorium, जयसिंह रोड, नई दिल्ली (निकट राजभाषा विभाग, एनडीसीसी 2 भवन)** में निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा-

11 एवं 12 सितंबर, 2024	प्रात: 10.00 बजे से सायं 6 बजे तक
13 सितंबर, 2024	प्रात: 10.00 बजे से रात्रि 09.00 बजे तक

1. कृपया सुनिश्चित करें कि निमंत्रण पत्र और सम्मेलन किट हर हाल में 11 से 13 सितंबर, 2024 तक प्राप्त कर लिए जाएं। **इसके लिए प्रतिभागी स्वयं उत्तरदायी होंगे। सुरक्षा एवं अन्य कारणों से 14-15 सितंबर, 2024 को अथवा उसके पश्चात कोई निमंत्रण पत्र एवं सम्मेलन किट प्रदान नहीं किए जाएंगे।**
2. जिन अधिकारियों/कर्मचारियों का 13 सितंबर को देर शाम या रात्रि तक अथवा 14 सितंबर, 2024 की सुबह दिल्ली पहुँचने का कार्यक्रम है, वे कृपया विशेष रूप से सुनिश्चित करें कि वे अपना निमंत्रण पत्र हर हाल में ऊपर उल्लिखित विवरण के अनुसार 13 सितंबर, 2024 तक दिल्ली स्थित अपने किसी कार्यालय/प्रतिनिधि के माध्यम से प्राप्त करवा लें।
3. पंजीकरण पोर्टल पर पंजीकरण कराते समय आपको **पंजीकरण संख्या** प्रदान की गई है। निमंत्रण पत्र प्राप्त करने के लिए **कृपया यह पंजीकरण संख्या अपने सरकारी आई कार्ड के साथ लाएं।**

4. किसी अन्य अधिकारी का निमंत्रण पत्र प्राप्त करने के लिए साइट पर उपलब्ध प्राधिकार पत्र साथ लेकर लाएं।

5. कृपया ध्यान दें कि यह आयोजन केवल केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों/सम्बद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालयों/उपक्रमों/बैंकों/निगमों/बोर्डों/शैक्षिक संस्थानों आदि में कार्यरत/सेवारत अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए है। किसी भी गैर-सरकारी व्यक्ति अथवा संस्थान को निमंत्रण पत्र प्रदान नहीं किए जाएंगे।

विशेष:

दिल्ली-एनसीआर स्थित मंत्रालयों/विभागों/सम्बद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों/बैंकों/उपक्रमों आदि के सभी पंजीकृत अधिकारी/कर्मचारी किसी भी असुविधा से बचने के लिए, कृपया अपने निमंत्रण पत्र, विजिटर पास एवं सम्मेलन किट 11 सितंबर, 2024 को ही प्राप्त कर लें।

(राजेश कुमार श्रीवास्तव)
संयुक्त निदेशक (रा.भा.)

सेवा में,

सभी मंत्रालयों/विभागों/सम्बद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालयों/ बैंकों/ उपक्रमों/ निगमों/ बोर्डों/ शैक्षिक संस्थानों आदि के पंजीकृत अधिकारी/कर्मचारी।